सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-574
22/11/2017

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पथ निर्माण विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

पटना, 22 नवम्बर 2017 :— आज एक अणे मार्ग स्थित "विमर्श" में पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने की। प्रधान सचिव, पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा ने मुख्यमंत्री को पटना और उसके आस—पास चल रहे 15 बड़े प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मीठापुर फ्लाई ओवर को चिरैयाटांड़ फ्लाई ओवर वाया करबिगहिया को कनेक्ट करने वाली फ्लाई ओवर, एप्रोच पथ सहित नाली व्यवस्था पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। पटना—गया रोड के तहत पुनपुन से मिठापुर की तरफ आने वाली सड़क (जो रेलवे लाइन के समानान्तर है) पर एलिवेटेड सड़क बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ—साथ विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं पर चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री ने सभी सड़कों के बेहतर रखरखाव करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने स्टेट हाइवे सहित अन्य सड़कों को ओ0पी0आर0एम0सी0 में डालने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि उनका बेहतर रूप से रखरखाव किया जा सके।

बैठक में केन्द्र सरकार की प्रायोजित भारतमाला योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग ने भारतमाला के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सेंट्रल स्कीम है, जिसके तहत 35 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरे देश में होना है। बिहार में इसके तहत 1432 किलोमीटर सड़क बनाने की योजना है। इस योजना के तहत मोहनिया—आरा, रजौली—बख्तियारपुर सड़क के साथ—साथ इंटर कॉरिडोर के तहत औरंगाबाद—दरभंगा, सासाराम—पटना, पटना—हाजीपुर—मुजफ्फरपुर के साथ—साथ अन्य फीडर सड़कों सोनवर्षा—रक्सौल, मुजफ्फरपुर—बेगूसराय—पटना साहिब, मुजफ्फरपुर—साहेबगंज, छपरा—पटना, चकिया—बैरगिनिया, अररिया—सुपौल आदि सड़क निर्माण की योजना है। बैठक में राम मनोहर लोहिया पथ चक्र के बारे में भी विस्तार से बताया गया। राम मनोहर लोहिया पथ चक्र का विडियो प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के समक्ष दिया गया। प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राम मनोहर लोहिया पथ चक्र के निर्माण के क्रम में पटना मेट्रो के एलायनमेंट को ध्यान में रखें।

मुख्यमंत्री के समक्ष एलिवेटेड पथ का मॉडल भी दिखाया गया। बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने सड़कों की स्थिति की समीक्षा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग की जो सड़कें हैं, उनका बेहतर रखरखाव करना है, इससे जनता को आवागमन में सुविधा होगी।

समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष

कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, एन0एच0ए0आई0 के वरीय अधिकारी सहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

****